(ख) कुछ हजार रुपये की कीमत के कच्चे रेशम के नमूने ही अमरीका को भेज गए थे।

(ग) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग ने खादी का निर्यात न करने का निश्चय किया है।

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड का उत्पादन

2097. श्री रामचन्द्र वीरप्पा : क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965-66 में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटड में कितना उत्पादन हुआ था;

(ख) क्या यह उत्पादन देश की मांग पूरी करने के लिये पर्याप्त है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं?

औद्योगिक विकास तथा समवाद-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) 11.32 करोड़ रु० के मूल्य के मशीनी औजार तथा 1.98 करोड़ रु० के मूल्य की कलाई घड़ियां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) एक ही कारखाने के लिये मशीनी औजारों की देश की सम्पूर्ण आवश्यकता पूरी कर सकना संभव नहीं है क्योंकि मशीनी औजार अगणित किस्मों के होते हैं। जहां तक घड़ियों का संबंध है, हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड की उत्पादन क्षमता 3,60,000 घड़ियां प्रति वर्ष है जबकि इसकी अनुमानित मांग 10 लाख प्रति वर्ष है।

यमुना पुल यार्ड (आगरा)

2098. श्री शिव चरण लाल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यमुना पुल यार्ड (आगरा) की क्षमता को बढ़ाने की कोई योजना बनाई गई थी ताकि वहां अधिक माल गाड़ियां ठहर सकें यदि हां, तो इस योजना के लिए कितनी राशि मंजूर की गई थी;

(ख) क्या यह भी सच है कि काफी खर्च करने के बाद उक्त योजना को अचानक रद्द कर दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना किस आधार पर बनाई गई थी और किन कारणों से उसे अब रद्द कर दिया गया है तथा इस फिजूलखर्ची के लिए कौन कौन व्यक्ति जिम्मेदार हैं?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां, इस योजना पर 9.85 लाख रुपये की लागत का अनुमान है।

(ख) जी नहीं।

(ग) सवाल नहीं उठता।

Production in Fertiliser Factory, Rourkela

2100. **Shri Dhuleshwar Meena:**
Shri Ramachandra Ulaka:
Shri Heerji Bhai:
Shri K. Pradhani:

Will the Minister of **Steel, Mines and Metals** be pleased to state:

(a) whether the production in the Rourkela Fertiliser Factory has gone up recently; and

(b) if so, to what extent?

The Minister of State in the Ministry of Steel, Mines and Metals (Shri P. C. Sethi): (a) and (b). Yes, Sir. The production of Calcium Ammonium Nitrate at Rourkela Fertilizer